आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 88 | उज्जैन, मंगलवार 18 फरवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों से करें जन-कल्याण के कार्य-मुख्यमंत्री

### विकास के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें स्थानीय निकाय

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्थानीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाया गया है। नगरीय निकाय और अन्य स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों का उपयोग करते हुए जन-कल्याण के कार्य बेहतर रूप से कर रहे है। हाल ही मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान की सफलता इस बात का बेहतर उदाहरण है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकाय राज्य सरकार की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करें। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने यह सब मिलकर प्रयास करें, आय के स्त्रोत बढ़ाएं। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे तो विकास को और नई गति दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं भी बनाकर क्रियान्वित कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर से इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स मध्यप्रदेश इकाई की बैठक को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर मे उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों ने विकास कार्यो के क्षेत्र में देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में तेज गति से समग्र विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इंदौर विगत 7 वर्षो से स्वच्छता के क्षेत्र में देश में लगातार अव्वल है। इस बार भी इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल रहने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

## सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटकों से हिला दिल्ली-NCR, दहशत में घरों से बाहर निकले लोग



नई दिल्ली (एजेंसी)। एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। सुबह-सुबह अभी लोगों की नींद भी नहीं खुली थी कि जोर-जोर से बेड और खिड़कियां हिलने लगी। लगातार दो झटकों से हर कोई सहम गया।

काफी तेज झटके महसूस हुए - सुबह 5 बजकर 37 मिनट पर भूकंप के झटकों से लोग डर गए। लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप की गहराई 5 किमी नीचे थी। भूकंप की तीव्रता 4.0 मैग्नीट्यूड मापी गई है, लेकिन झटके काफी तेज महसूस हुए। नोएडा से लेकर दिल्ली तक हर कोई कुछ मिनटों तक डर के साय में रहा।

घरों से बाहर निकले लोग- भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। दरअसल, भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था, इसी कारण कम तीव्रता होने के बावजूद झटके काफी तेज महसूस हुए।

दिल्ली पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया- भूकंप के बाद दिल्ली पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। किसी भी सहायता के लिए 112 डायल करें।

हालांकि, भूकंप के झटके तेज थे, लेकिन अभी तक किसी जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

## अमेरिका से डिपोर्ट किए गए लोगों के सिर पर नहीं थी पगड़ी, US अधिकारियों के बर्ताव से सिख समुदाय नाराज



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका से निकाले गए 116 भारतीयों को लेकर विमान अमृतसर पहुंचा। इसके बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने रविवार को अमेरिकी अधिकारियों की कड़ी निंदा की, क्योंकि उन्होंने अमेरिका से लाए गए अवैध भारतीय प्रवासियों के दूसरे जत्थे में शामिल सिख निर्वासितों को पगड़ी पहनने की अनुमति नहीं दी।


एसजीपीसी का यह बयान सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आने के बाद आया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने रविवार को अमेरिकी अधिकारियों की कड़ी निंदा की, क्योंकि उन्होंने अमेरिका से लाए गए अवैध भारतीय प्रवासियों के दूसरे जत्थे में शामिल सिख निर्वासितों को पगड़ी पहनने की अनुमति नहीं दी।

अमृतसर हवाई अड्डे पर अपनी आव्रजन औपचारिकताएं पूरी करते समय सिख निर्वासितों को बिना पगड़ी के दिखाया गया है।

किन लोगों को किया गया था डिपोर्ट- निर्वासितों के नए जत्थे में पंजाब के 65, हरियाणा के 33 और गुजरात के आठ अप्रवासी शामिल थे।

## देश के इस राज्य में अब GBS से 1 महिला की मौत, दो लोगों की गई जान; सामने आए 17 मामले

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के कुछ राज्यों में गुलियन-बेरी सिंड्रोम मामलों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। फिलहाल ताजा मामला आंध्र प्रदेश का है, यहां एक 45 साल की महिला की GBS के कारण मौत हो गई।




इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव ने सोमवार को बताया कि पिछले 10 दिनों में आंध्र प्रदेश में एक 45 साल की महिला और एक नाबालिग लड़के की ऑटोइम्यून न्यूरोलॉजिकल विकार, गुलियन-बेरी सिंड्रोम (जीबीएस) के कारण मौत हो गई है। कुल मिलाकर अब तक आंध्र प्रदेश में तक्र्र से दो लोगों की मौत हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कमलाम्मा की मौत गुंटूर के सरकारी जनरल अस्पताल (जीजीएच) में हुई है, जबकि 10 साल के लड़के की मौत 10 दिन पहले श्रीकाकुलम के एक निजी मेडिकल कॉलेज में हुई थी।

इसके बाद सत्य कुमार यादव ने कहा, अभी जीबीएस के 17 मामले हैं। यह एक नॉन कम्यूनिकेबल बीमारी है, जिसकी घटना दर प्रति एक लाख आबादी पर दो तक है। यह मामलों में अचानक उछाल नहीं है, यह सामान्य है। यादव के अनुसार, 2024 में इस बीमारी के कुल 267 मामले सामने आए, जिनमें से 141 मामले साल की पहले 6 महीने में और 126 मामले बाकि के 6 महीने में सामने आए।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-इलाज से किया जा सकता ठीक- यह देखते हुए कि औसतन हर महीने 25 मामले सामने आते हैं, मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनमें से अधिकतर को इलाज से ठीक किया जा सकता है, जबकि कुछ गंभीर मामलों में इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन और आईसीयू में भर्ती की आवश्यकता होगी।

## टोल टैक्स और फास्टैग से जुड़े नए नियम लागू, अब लापरवाही पर लगेगा मोटा जुर्माना




नई दिल्ली (एजेंसी)। टोल भुगतान को सुव्यवस्थित करने, विवादों को कम करने और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआइ) और सड़क परिवहन मंत्रालय ने फास्टैग से जुड़े नियमों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

सोमवार से लागू होने वाले नए फास्टैग नियमों के तहत कम बैलेंस, देरी से भुगतान या ब्लैकलिस्टेड टैग वाले यूजर पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। नए नियम उन यूजर को प्रभावित करेंगे जो भुगतान में देरी करते हैं या जिनके टैग ब्लैकलिस्टेड हैं।

यदि वाहन टोल पार करने से पहले 60 मिनट से अधिक समय तक फास्टैग निष्क्रिय रहता है और वाहन के टोल पार करने के 10 मिनट बाद तक निष्क्रिय रहता है तो लेनदेन अस्वीकार कर दिया जाएगा। सिस्टम ऐसे भुगतानों को अस्वीकार कर देगा।

तो देना पड़ेगा अतिरिक्त शुल्क- इसके अलावा, टोल भुगतान को सुव्यवस्थित करने और विवादों को कम करने के लिए चार्जबैक प्रक्रिया और कूलिंग पीरियड के साथ-साथ लेनदेन अस्वीकृति नियमों में भी बदलाव किए गए हैं।

नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि वाहन के टोल रीडर से गुजरने के समय से 15 मिनट से अधिक समय के बाद टोल लेन-देन अपडेट होता है तो फास्टैग यूजर को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है।

## जो वादी गरीब हैं, उनकी मदद को आगे आएं युवा वकील, सुप्रीम कोर्ट ने दी अहम सलाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि युवा अधिवक्ताओं को उन वादियों की सहायता के लिए स्वेच्छा से आगे आना चाहिए, जो साधनों या जागरूकता की कमी के कारण वकील की सेवाएं नहीं ले सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने की युवा वकील की सराहना- व्यक्तिगत रूप से एक पक्ष को कानूनी सहायता प्रदान करने वाले युवा वकील की सराहना करते हुए जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि वकीलों को अपनी पेशेवर सेवाओं के बदले किसी भी तरह की अपेक्षा किए बिना वादियों को सर्वोत्तम कानूनी सहायता प्रदान करनी चाहिए।

## भारत कपड़ा निर्यात में बनेगा इंटरनेशनल चैंपियन! पीएम मोदी बोले- 2030 तक 9 लाख करोड़ की बनाएंगे इंडस्ट्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उम्मीद जताई कि 2030 की समय-सीमा से पहले नौ लाख करोड़ रुपये वार्षिक के कपड़ा निर्यात लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा।




प्रधानमंत्री का यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि आम बजट, 2025 में अतिरिक्त लंबे रेशे वाली किस्मों के कपास उत्पादन के लिए पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। इसमें राष्ट्रीय कपास प्रौद्योगिकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

भारत में तीन लाख करोड़ रुपये का कपड़ा उद्योग - भारत मंडपम में भारत टेक्स, 2025 को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अभी हम कपड़ों और परिधानों के निर्यात में विश्व में छठे स्थान पर हैं जो लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करके निर्यात को नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का है।

इस सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और पिछले एक दशक में लागू सतत नीतियों को है जिसके कारण इस अवधि में कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। जिस तरह काम किया जा रहा है, मुझे लगता है कि हम इस लक्ष्य को 2030 की समयसीमा से पहले हासिल कर लेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह रोजगार सृजन का बड़ा क्षेत्र है और विनिर्माण क्षेत्र में 11 प्रतिशत का योगदान देता है उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बजट में वर्ष 2025-26 के लिए कपड़ा मंत्रालय को 5,272 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, पिछले वित्तीय वर्ष के बजट अनुमानों से इसमें 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

भारत टेक्स में 120 से अधिक देश ले रहे हिस्सा- भारत टेक्स, 2025 का आयोजन 14-17 फरवरी तक किया जा रहा है और यह कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन है जिसमें एक मेगा एक्सपो शामिल है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत टेक्स बड़ा वैश्विक आयोजन बनता जा रहा है जिसमें 120 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा क्षेत्र को सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया क्योंकि इसकी एक यूनिट में सिर्फ 75 करोड़ रुपये का निवेश होता है और दो हजार लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कपड़ा क्षेत्र के लिए अपने 5एफ विजन को रेखांकित किया (फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन, फैशन टू फारेन) और कहा कि इससे किसानों, बुनकरों, डिजायनरों और व्यापारियों के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

# क्या है USAID, जिस पर भारत से अमेरिका तक मचा बवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के बाद से ही सरकारी खर्च में कटौती करने में जुटे हैं। इसकी जिम्मेदारी उन्होंने दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क को दे रखी है। एलन मस्क सरकारी दक्षता विभाग के मुखिया हैं। वे न केवल कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं बल्कि तमाम फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने में जुटे हैं।

एलन मस्क के निशाने पर सबसे पहले यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएड आया है। इसके तहत दुनियाभर के देशों को मिल रही फंडिंग पर मस्क लगातार कैंची चलाने में जुटे हैं।

क्या है यूएसएड- यूएसएड अमेरिकी सरकार की विदेशी सहायता एजेंसी है। इसके माध्यम से अमेरिका दुनियाभर में विभिन्न कार्यक्रमों को आर्थिक मदद पहुंचाता है। यूएसएड के माध्यम से अपना एजेंडा चलाने का आरोप भी अमेरिका पर लगता है। दुनियाभर के 60 से अधिक देशों में यूएसएड के कार्यालय हैं। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस के मुताबिक इस एजेंसी में लगभग 10 हजार लोग काम करते थे। इनमें से दो तिहाई कर्मचारियों की तैनाती विदेशों में है।

कैसे करता है काम- यूएसएड जमीन पर सीधे काम नहीं करता है। वह कई दूसरे संगठनों से समझौता करता है। उनके माध्यम से विभिन्न, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग की जाती है। दावा है कि यूएसएड अपना सबसे अधिक धन स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च करता है।

कितना बजट और खर्च कितना- यूएसएड का सलाना बजट 40 बिलियन डॉलर का है। मगर अमेरिका की इस एजेंसी ने देश के बाहर विभिन्न देशों में 2023 में 68 बिलियन डॉलर की धनराशि खर्च की है। यह राशि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार घाटे से अधिक है। बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार घाटा 43.65 बिलियन डॉलर का है।

किसने और कब की गई स्थापना- अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने 1961 में यूएसएड की स्थापना की थी। इसकी स्थापना कांग्रेस के विदेशी सहायता अधिनियम के तहत की गई थी। 1998 में इसे कार्यकारी एजेंसी का दर्जा दिया गया। इस एजेंसी को पूरी तरह से बंद या विलय करने के लिए ट्रंप को अमेरिकी कांग्रेस में एक कानून बनाना होगा।

ट्रंप क्यों बंद करना चाहते हैं यूएसएड?- डोनाल्ड ट्रंप का एक स्पष्ट नजारिया है। उनका मानना है कि अमेरिकी करदाताओं का पैसा विदेशी लोगों पर क्यों खर्च किया जाए? अगर खर्च करना ही है तो इसे अमेरिका में अपने लोगों पर किया जाए। वह कई बार खुलकर यूएसएड को बंद करने की बात कह चुके हैं। उनका कहना है कि यूएसएड करदाताओं के पैसे का सही इस्तेमाल नहीं है।

# मोहम्मद युनूस और PM मोदी के बीच होगी बैठक! बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से एस जयशंकर ने की मुलाकात

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने मस्कट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक के दौरान गंगा जल बंटवारा संधि की शुरुआत के लिए चर्चा शुरू करने के महत्व पर जोर दिया। बांग्लादेशी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

राजनयिक सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार और भारतीय विदेश मंत्री के बीच मस्कट में हुई बैठक आधे घंटे से भी कम समय तक चली। चर्चा के



दौरान, दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों के मौजूदा संदर्भ में उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के लिए काम करने के महत्व पर जोर दिया।

पीएम मोदी के साथ करेंगे बैठक- उनकी चर्चा के दौरान, अप्रैल में बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक आयोजित करने का विषय भी उठा।

सोमवार को बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक प्रोथोम अलो ने बताया। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के बयान का हवाला देते हुए, ढाका में स्थानीय मीडिया ने उल्लेख किया कि रविवार को ओमान के मस्कट में 8वें हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) के दौरान आयोजित बैठक के दौरान, हुसैन ने सार्क स्थायी समिति की बैठक आयोजित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला और भारत सरकार से इस मामले पर विचार करने का आग्रह किया।

सीमा संबंधी मुद्दों का होगा समाधान- रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों में चुनौतियों को भी पहचाना और इन चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर चर्चा की।

## हल्के में मत लेना... मैं अपनी सेना यूक्रेन भेजने को तैयार हूं



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन अपनी सेना यूक्रेन भेजने को तैयार है। स्टार्मर ने कहा कि अगर यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता हुई तो ब्रिटेन अपनी सेना को यूक्रेन भेजने को तैयार है। स्टार्मर का यह कदम अमेरिका के कदम पीछे खींचने के बाद आया है।

जमीन पर सैनिकों को उतारने की बात- कीर स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को बढ़चढ़ समर्थन कर रहा है। जरूरत पड़ने पर यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने की खातिर भी तैयार रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अपने सैनिकों को जमीन पर उतारना भी अहम है।

मैं हल्के में नहीं कह रहा हूं- ब्रिटिश पीएम ने कहा कि मैं यह बात हल्के में नहीं कह रहा हूं। ब्रिटिश सैनिकों और महिलाओं को संभावित रूप से खतरे में डालने की जिम्मेदारी बहुत गहराई से महसूस की जाती है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी देना हमारे महाद्वीप और देश की सुरक्षा में मदद करेगा।

अमेरिका यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को खत्म करने की कोशिश में जुटा है।

## महिला MP की खातिर बुरे फंसे सांसद, कोर्ट ने ठहराया दोषी; क्या है पूरा मामला



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिंगापुर में विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को सोमवार को एक संसदीय समिति के सामने झूठी गवाही देने का दोषी पाया गया। इस फैसले के बाद उन्हें संसद से और इस साल चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है। उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक टैन ने सिंह को दो आरोपों में दोषी ठहराया।

भारतवंशी प्रीतम सिंह के खिलाफ यह आरोप पार्टी के पूर्व विधायक रईस खान के मामले से संबंधित हैं, जिन्होंने एक अन्य मामले में संसद से झूठ बोला था। 48 वर्षीय सिंह पर 10 दिसंबर और 15 दिसंबर 2021 को खान के मामले की जांच के दौरान विशेषाधिकार समिति को जानबूझकर दो झूठे जवाब देने का आरोप लगाया गया था।

सिंह को प्रत्येक आरोप के लिए तीन साल तक की जेल या 5,290 डॉलर तक का जुर्माना या दोनों हो सकता है। यह मुकदमा चार महीने पहले शुरू हुआ न्यायाधीश ने कहा कि इसके विपरीत सीओपी के समक्ष जो भी दावा किया वह जानबूझकर बोला गया झूठ था। सजा की घोषणा जल्द की जा सकती है।

## उनसे जल्द मिलूंगा और... रूस-यूक्रेन युद्ध होगा समाप्त! राष्ट्रपति पुतिन को लेकर ट्रंप ने क्या कहा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। रविवार को ट्रंप ने कहा कि वो जल्द ही पुतिन से मुलाकात करेंगे।



उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को रोकना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि मीटिंग अब तक कोई समय निर्धारित तो नहीं है, लेकिन वो जल्द ही राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। ट्रंप ने ये भी कहा है कि युद्ध समाप्त करने को लेकर सरकार की एक टीम रूस से लगातार बातचीत कर रही है।

पुतिन ने ट्रंप को दिया मॉस्को आने का न्योता - बता दें कि हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ फोन पर यूक्रेन युद्ध को लेकर बातचीत की। इसमें युद्ध समाप्त करने के लिए तुरंत वार्ता शुरू करने पर चर्चा की गई।

रूस की ओर से कहा गया गया कि पुतिन और ट्रंप के बीच करीब डेढ़ घंटे बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेता मिलने के लिए सहमत हो गए हैं और पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का निमंत्रण दिया है।

इसी बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उनका मानना है कि रूस कमजोर नाटो के खिलाफ युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो जल्द ही में सऊदी अरब की राजधानी में रूसी अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। बता दें कि ट्रंप ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि वो युद्ध समाप्त करना चाहते हैं।

## मैं चाहता हूं Elon Musk मंगल ग्रह पर रहें, सलमान रुश्दी ने Tesla CEO को लेकर क्यों कहा ऐसा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटिश-इंडियन नॉवलिस्ट सलमान रुश्दी ने एलन मस्क पर निशाना साधा है। सलमान रुश्दी कोलंबिया के कार्टाजेना में है और एक फेस्टिवल में पार्ट लेने के दौरान उन्होंने अरबपति एलन मस्क के प्रति अपनी नाराजगी और नापसंदगी व्यक्त की है।



सलमान रुश्दी ने कहा कि वे एलन मस्क के फैन नहीं हैं और चाहते हैं कि टेस्ला चीफ मंगल ग्रह पर जाने वाले पहले व्यक्ति बनें।

77 साल के सलमान रुश्दी ने हे फेस्टिवल में एल पैस से बात करते हुए यह टिप्पणी की है। जब उनसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि एलन मस्क अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सभी तरह के भाषणों की अनुमति देकर इसकी रक्षा करते हैं, तो लेखक ने कहा कि टेस्ला प्रमुख जो करते हैं वह इसके विपरीत है।

सलमान रुश्दी ने कहा,'मैं सच में चाहता हूं कि वह चले जाएं।' एलन मस्क मुक्त अभिव्यक्ति का बचाव नहीं करते हैं। उनका सोशल नेटवर्क अति दक्षिणपंथी विमर्श को नियंत्रित करता है। सलमान रुश्दी ने आगे कहा, मैं एलन मस्क का फैन नहीं हूं और मैं चाहूंगा कि वह मार्स पर जाने वाले पहले आदमी बनें।

इसके बाद जब इंटरव्यूवर ने पूछा, आप ऐसा क्यों चाहते हैं, ताकि वह वहीं रहे...? तो रुश्दी ने सकारात्मक जवाब दिया और कहा कि वह सच में चाहते हैं कि वह चले जाएं।

## अब किसको दहलाएगा इजरायल? ट्रंप ने भेजा शक्तिशाली बम MK-84, जो बाइडन ने लगाया था बैन

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने इजरायल को बमों की भारी खेप भेजी है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एमके-84 बमों की डिलीवरी पर अस्थायी रोक हटाने के बाद यह खेप भेजी है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा कि इजराइल को भारी एमके-84 बमों की खेप मिली है।



रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को एक बयान में कहा कि गोला-बारूद की यह खेप शनिवार देर रात इजराइली बंदरगाह अशदोद पहुंची। रात भर में इसे उतार लिया गया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने एक वीडियो फुटेज जारी किया है। इसमें शिपिंग कंटेनरों को दर्जनों ट्रकों पर लोड होते देखा जा सकता है। बाद में इन ट्रकों को इजराइल की वायु सेना ठिकानों तक ले जाया गया।

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन को बम की डिलीवरी और इजरायल के प्रति अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 7 अक्टूबर 2023 को गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से 678 एयरलिफ्ट और 129 समुद्री शिपमेंट के माध्यम से 76,000 टन से अधिक सैन्य उपकरण इजरायल पहुंच चुके हैं।

जो बाइडन प्रशासन ने एमके-84 बमों की डिलीवरी पर प्रतिबंध लगाया था। अमेरिका को शक था कि इजरायल इन बमों का इस्तेमाल गाजा में कर सकता है। 907 किलो वजन वाला एमके-84 बिना गाइड वाला बम है। यह बम मजबूत लक्ष्य को भेदने और भीषण विस्फोट से बड़ी क्षति पहुंचाने में सक्षम है।

# 240 ग्राम से ज्यादा सब्जी खाने से 65% लिवर कैंसर का खतरा कम...



नई दिल्ली (एजेंसी)। भोजन में सब्जियों का काफी महत्व है। अगर यह अच्छी न बने तो खाने का सारा स्वाद खराब हो जाता है। सब्जी हमें गंभीर बीमारी से भी बचाती है। एक अध्ययन के मुताबिक, पर्याप्त मात्रा में सब्जियां खाने से लिवर कैंसर का खतरा 65 प्रतिशत कम हो सकता है।

फ्रांस के राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में अध्ययन में सिरोसिस से पीड़ित मरीजों पर शोध किया गया। इन रोगियों में सब्जियां और फल खाने के लाभों की जांच की।

42.5 फीसदी रोगी नहीं खा रहे पर्याप्त सब्जी- विश्लेषण किए गए 179 रोगियों में से 20 को हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा (लिवर कैंसर) का पता चला। टीम ने पाया कि सिरोसिस से पीड़ित 42.5 फीसदी रोगी फल और सब्जियों का पर्याप्त मात्रा में सेवन नहीं कर रहे थे। शोधकर्ताओं ने कहा कि 240 ग्राम से अधिक सब्जियां प्रतिदिन खाने वाले सिरोसिस से पीड़ित रोगियों में लिवर कैंसर के मामलों में 65 फीसदी कमी देखी गई।

टीम ने कहा कि सिरोसिस के रोगियों में फल और सब्जी की खपत और हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा के जोखिम के संबंध में सही तरीके से जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा की रोकथाम में इस तरह की जानकारी बेहद लाभदायक साबित हो सकती है। यह शोध जेएचईपी जर्नल में प्रकाशित किया गया है।

लिवर कैंसर दुनिया भर में छठा सबसे आम कैंसर है, जिसका मुख्य रूप से हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है, जो लगभग 85-90 प्रतिशत है। यह तब होता है जब लिवर पर ट्यूमर बढ़ता है। हेपेटोसेलुलर कार्सिनोमा सबसे अधिक उन लोगों में होता है जिन्हें क्रोनिक लिवर रोग है।

## मैं फ्री में काम कर लूंगा, 2 साल से नौकरी ढूंढ रहा इंजीनियर शख्स



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में बेरोजगारी का मुद्दा इस वक्त चरम पर हैं, यह मुद्दा और ज्यादा तब चर्चा में आया। जब बेंगलुरु के एक 23 साल के टेक ग्रेजुएट ने Reddit पर नौकरी खोजने में मदद के लिए अपील की। 2023 में ग्रेजुएशन करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी पोस्ट में इस बात का खुलासा किया कि ग्रेजुएशन के लगभग दो साल बाद भी वो बेरोजगार हैं।

टेक ग्रेजुएट इतना परेशान है कि उसने बिना सैलरी लिए काम करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने Reddit पर अपना अपडेटेड रिज्यूम शेयर किया। शख्स ने लिखा-उम्मीद है कि प्लेटफार्म उन्हें नौकरी खोजने में मदद कर सकता है। मेरा रिज्यूम जला दो लेकिन मदद करो।

युवक ने शेयर की अपनी डिटेल्स- मुफ्त में दूर से काम करने के लिए तैयार हूं। 23 साल का ग्रेजुएट जल्द से जल्द नौकरी की तलाश में है। उन्होंने अपने बैकग्राउंड और कौशल के बारे में डिटेल्स शेयर करते हुए कहा, मैंने 2023 में रिसर्च साइंस और और इंजीनियरिंग में बी.ई. के साथ ग्रेजुएशन किया फिलहाल नौकरी हासिल करने में चुनौतियों का सामना कर रहा हूं।

## ओवैसी, इकरा और कांग्रेस ने दाखिल की याचिका, सुप्रीम कोर्ट ने क्यों कहा- हद होती है



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल अधिनियम- 1991 की वैधता के संबंध में नई याचिका दाखिल करने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संकेत दिया कि वह लंबित अनुसूचित याचिकाओं पर आज सुनवाई नहीं करेगी, क्योंकि आज दो न्यायाधीशों की पीठ बैठेगी। इन याचिकाओं पर पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई कर चुकी है। अदालत ने सुनवाई अप्रैल के पहले सप्ताह तक टाल दी।

याचिका दाखिल करने की सीमा होती है- वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने एक नई याचिका का जिक्र किया तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर शायद विचार नहीं कर पाएंगे। सीजेआई ने कहा कि याचिकाएं दायर करने की एक सीमा होती है। इतने सारे आईए (अंतरिम आवेदन) दायर किए गए हैं। हम शायद इस पर सुनवाई न कर पाएं।

पिछले साल 12 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने हिंदू पक्षों की 18 याचिकाओं पर कार्यवाही करने पर रोक लगा दी थी। इन याचिकाओं में ज्ञानवापी, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदों के सर्वेक्षण की मांग की गई थी। इसके बाद अदालत ने सभी याचिकाओं को 17 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था।

## हिमंता बिस्वा सरमा का बड़ा एक्शन, पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ दर्ज हुई FIR



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम में पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस महानिदेशक को बीते दिनों इस संदर्भ में निर्देश दिया गया था, जिसके बाद पुलिस ने अली तौकीर शेख पर प्राथमिकी दर्ज की है।

पिछले दिनों कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी के आईएसआई के साथ संबंध को लेकर काफी हो-हंगामा हुआ था। लेकिन असम मंत्रिमंडल ने उनके खिलाफ कोई भी मामला दर्ज नहीं करने का फैसला किया है।


सीएम सरमा ने किया पोस्ट - असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, कल लिए गए कैबिनेट के फैसले के तहत असम पुलिस ने अली तौकीर शेख और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

इससे पहले मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सीएम ने कहा था कि राज्य सरकार गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के ब्रिटिश नागरिक होने के बावजूद तत्कालीन कालियाबोर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार में भाग लेने की जांच के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखेगी।

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के एक प्रस्ताव को विस्तार से पढ़ा था। इस दौरान उन्होंने कहा, पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख की ओर से असम में सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने के उद्देश्य से की गई कुछ टिप्पणियों के बारे में कई समाचार खबरों, सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य जानकारी सार्वजनिक रूप से सामने आई है।

उन्होंने आगे कहा, शेख की सोशल मीडिया गतिविधि में भारत के आंतरिक मामलों और संसदीय मामलों पर विस्तृत टिप्पणी शामिल है, जिससे उक्त व्यक्ति के भारत के हितों से समझौता करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के इरादे पर गंभीर चिंताएं पैदा होती है।

## क्यों बदल रहा मौसम का मिजाज? यूपी-राजस्थान समेत कई राज्यों में बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत में इस समय मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां दिन में धूप खिलने से हल्की गर्मी महसूस हो रही है। वहीं, सुबह और रात के समय गुलाबी ठंड के कारण स्वेटर पहना पड़ रहा है। इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि एक नया तूफान (पश्चिमी विक्षोभ) 19 और 20 फरवरी को उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है।

मौसम विभाग की मानें तो इस पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई राज्यों में हल्की से लेकर मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके साथ पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के साथ बारिश होने के आसार हैं, जिस वजह से वहां पर ठंड में कमी देखने को नहीं मिलेगी। इस बीच आईएमडी ने कई राज्यों में बारिश को लेकर भी अलर्ट जारी किया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पूर्वोत्तर असम में निचले स्तर पर एक चक्रवाती तूफान बन रहा है। जिस कारण 17-23 फरवरी के की बीच अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट बारिश होने की संभावना है।

इसके साथ ही अगले सात दिनों के दौरान असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बूंदाबादी होने की संभावना है।

सोमवार और मंगलवार को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश के साथ हल्की बर्फबारी की संभावना है।

जैसे-जैसे ये तूफान पूर्व दिशा की ओर बढ़ेगा इसका असर गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में भी देखने को मिलेगा, जहां पर गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में हल्की बारिश की संभावना है।

बता दें कि एक नए तूफान के सक्रिय होने की वजह से 19 फरवरी को पश्चिमी राजस्थान में छिटपुट बारिश की संभावना है। 19 और 20 फरवरी को पंजाब, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, इसके साथ ही 20 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश की संभावना है।

## गलवान के शहीदों का अपमान है, सैम पित्रोदा के चीन वाले बयान के बाद भड़की भाजपा



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एलएसी सीमा विवाद पर एक बयान दिया है। इसी को लेकर अब बीजेपी ने उन्हें घेर लिया है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, सैम पित्रोदा की बात भारत की संप्रभुता और कूटनीति के खिलाफ है।

साथ ही उन्होंने कहा, कांग्रेस के चीन के साथ हुए करार का इजहार हो गया है। सैम पित्रोदा ने कहा था कि चीन को हमारा दुश्मन मानना गलत है।

सुधांशु त्रिवेदी ने इसके जवाब में कहा, सैम पित्रोदा ने कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ समझौते की खुलकर पोल खोल दी है। गंभीर बात ये है कि सैम पित्रोदा ने जिस तरह की बात कही है, वो भारत की अस्मिता, कूटनीति और संप्रभुता पर बहुत गहरा आघात है। राहुल गांधी भी विदेश में ऐसे कई बयान दे चुके हैं।

सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा, कुछ समय पहले उन्होंने अपने विदेश दौरे पर कहा था कि चीन ने बेरोजगारी की समस्या का बहुत अच्छे से समाधान किया है। गलवान में हमारे 20 जवान शहीद हुए और उसके बाद अगर आपके ओवरसीज प्रेसिडेंट ऐसी भाषा बोलते हैं तो ये निंदनीय है।

भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी कहते हैं, इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स नामक एक संगठन है जिसने 2011 में एक भारतीय संगठन इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट के साथ एक समझौता किया था, जो चुनाव आयोग से जुड़ा संगठन है और कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन्स एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग नामक संगठन से समर्थन मिल रहा है, जिसका संबंध जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से है, जिसने यूएसएआईडी आदि के माध्यम से भारत में आधा बिलियन डॉलर का निवेश किया और तब से हर साल 3.5 लाख डॉलर भारत आ रहे हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्

सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 फाल्गुन षष्ठमी


मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारत की प्रतिष्ठा एक सुसंस्कारी आध्यात्मिक संस्कृति मान्यताओं को संपूर्ण सृष्टि में श्रेष्ठ स्थान पर देखा जाता है



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारत की प्रतिष्ठा एक सुसंस्कारी आध्यात्मिक संस्कृति मान्यताओं प्रथाओं महिलाओं को देवी तुल्य स्थान व माता-पिता को संपूर्ण सृष्टि में श्रेष्ठ स्थान पर देखा जाता है। परंतु वर्तमान कुछ दशकों से पाश्चात्य संस्कृति की छाया भारत पर भी पड़ती हुई दिखाई दे रही है। यह मेरी निजी राय है कि वर्तमान मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस (अमेंडेड) एक्ट 2019 नाकाफी व अपर्याप्त सिद्ध होरहा है।अब समय आ गया है कि माता-पिता बुजुर्गों के साथ दुर्व्यहर, बुरा व्यवहार,अपमान व प्रताड़ित करने से रोकने के लिए एक जन जागरण अभियान की जरूरत है जिसे मातृ-पितृ दिवस के रूप में हर शहर हर गांव हर मोहल्ले में मनाकर जनजागरण करने की खास जरूरत है।इसी कड़ी में मैं रविवार दिनांक 16 फरवरी 2025 को राईस सिटी गोंदिया के संत कंवरराम मैदान पर रात्रि चल रहे मातृ-पितृ पूजन दिवस की ग्राउंड रिपोर्टिंग की, जहां माता-पिता को सम्मान देने के गुण सिखाने,मार्गदर्शन करने व माता-पिता की पूजा आरती घुमाकर करने,उनके चरणों में करीब 10-15 मिनट शीष झुककर क्षमादान माँगने का क्रम मैं देखकर गदगद हो उठा और इस विषय पर तुरंत आर्टिकल लिखने की ठानी और प्रक्रिया शुरू कर दी। चूँकि भारतीय संस्कृति माता-पिता का सम्मान व पूजन के लिए है, परंतु इसके विपरीत आज उनका अपमान प्रताड़ना कर उनका उपहास उड़ाया जाता है, जिसे रोकने के लिए यह जनजागरण अभियान चलाया गया था। करीब 14 वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसे हर शहर गांव मोहल्ले में हर समाज धर्म जाति को मातृ- पितृ पूजन दिवस मनाने की खास जरूरत है, विशेषकर इसे किसी पाश्चात्य मौज के दिवस पर मानना, मेरे विचार से बेहतर रहेगा। चूँकि माता-पिता गुरुजनों के हम ऋृणी हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करके, आशीष पाकर जीवन में आगे बढ़ाने के अवसर हैं, तथा वर्तमान डिजिटल व पाश्चात्य प्रवृत्ति युग में युवाओं को माता-पिता के लिए समय नहीं है, इसीलिए माता-पिता पूजन दिवस मनाना जन जागरण के लिए सराहनीय कार्य है। इसलिए आज हम ग्राउंड रिपोर्टिंग के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मातृ पितृ पूजन दिवस का आगाज़, माता-पिता से गुस्ताखी अक्षम्य अपराध है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान समय में माता-पिता बुजुर्गों के अपमान की करें तो,वैश्विक स्तरपर इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के सहयोग से देख पढ़ सुन रहे हैं कि दुनियाँ में असंख्य माता पिता वह सीनियर सिटीजन बुजुर्ग व्यक्ति हैं जो अपनी संतान की दुत्कार सह रहे होंगे। आज मॉडर्न सोसाइटी का तर्क देकर माता-पिता, बुजुर्गों से दुर्व्यवहार किया जाता है। आज थोड़ी-थोड़ी बात पर माता-पिता बुजुर्गों को कहा जाता है कि चुपचाप बैठो, तुमको क्या समझता है, तुम सठिया गए हो अगर पिता पढ़ा लिखा है तो पढ़ा लिखा गंवार या बुजुर्ग गवार की संख्या दी जाती है।हालांकि भारत एक आध्यात्मिक,माता पिता का संबंध, बुजुर्गों की सेवा करने के विचारों महान मानवों का देश है। परंतु आज वह केवल उदाहरण बनकर रह गए हैं । प्रैक्टिकली अगर माता-पिता बुजुर्गों के जीवन में झांक कर देखा जाए तो आज की तारीख में उन्हें दुत्कार ही मिलती रहती है। मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में इसे रिसर्च के तौर पर माता-पिता द्वारा 1 साल के बच्चों की परवरिश पर पूरा एक महीना ध्यान रखा था तो देखा वह अपने बच्चों को, माता-पिता अपने पलकों पर बैठा कर प्यार करते हुए ए ग्रेड का पालन पोषण कर रहे थे, तो दूसरी तरफ एक परिवार को देखा जिसमें जिसके दोनों बच्चे मुंबई पुणे और विदेश में रह रहे थे और मां लाचार होकर किचन में तो पिता छोटी सी दुकान पर....

# रामकृष्ण परमहंस



रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान् संत एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर ज़ोर दिया था। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं।

जीवन परिचय- रामकृष्ण परमहंस ने पश्चिमी बंगाल के हुगली ज़िले में कामारपुकुर नामक ग्राम के एक दीन एवं धर्मनिष्ठ परिवार में 18 फ़रवरी, सन् 1836 ई. में जन्म लिया। बाल्यावस्था में वह गदाधर के नाम से प्रसिद्ध थे। गदाधर के पिता खुदीराम चट्टोपाध्याय निष्ठावान ग़रीब ब्राह्मण थे। वह अपने साधु माता-पिता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने गाँव के भोले-भाले लोगों के लिए भी शाश्वत आनंद के केंद्र थे। उनका सुंदर स्वरूप, ईश्वरप्रदत्त संगीतात्मक प्रतिभा, चरित्र की पवित्रता, गहरी धार्मिक भावनाएँ, सांसारिक बातों की ओर से उदासीनता, आकस्मिक रहस्यमयी समाधि, और सबके ऊपर उनकी अपने माता-पिता के प्रति अगाध भक्ति इन सबने उन्हें पूरे गाँव का आकर्षक व्यक्ति बना दिया था। गदाधर की शिक्षा तो साधारण ही हुई, किंतु पिता की सादगी और धर्मनिष्ठा का उन पर पूरा प्रभाव पड़ा। जब परमहंस सात वर्ष के थे तभी उनके पिता का निधन हो गया।

दर्शन से कृतार्थ- रामकृष्ण परमहंस ने जगन्माता की पुकार के उत्तर में गाँव के वंशपरंपरागत गृह का परित्याग कर दिया और सत्रह वर्ष की अवस्था में कलकत्ता चले आए तथा झामपुकुर में अपने बड़े भाई के साथ ठहर गए, और कुछ दिनों बाद भाई के स्थान पर रानी रासमणि के दक्षिणेश्वर मंदिर कोलकाता में पूजा के लिये नियुक्त हुए। यहीं उन्होंने माँ महाकाली के चरणों में अपने को उत्सर्ग कर दिया। रामकृष्ण परमहंस भाव में इतने तन्मय रहने लगे कि लोग उन्हें पागल समझते। वे घंटों ध्यान करते और माँ के दर्शनों के लिये तड़पते। जगज्जननी के गहन चिंतन में उन्होंने मानव जीवन के प्रत्येक संसर्ग को पूर्ण रूप से भुला दिया।

माँ के दर्शन के निमित्त उनकी आत्मा की अंतरंग गहराई से रुदन के जो शब्द प्रवाहित होते थे वे कठोर हृदय को दया एवं अनुकंपा से भर देते थे। अंत में उनकी प्रार्थना सुन ली गई और जगन्माता के दर्शन से वे कृतकार्य हुए।

किंतु यह सफलता उनके लिए केवल संकेत मात्र थी। परमहंस जी असाधारण दृढ़ता और उत्साह से बारह वर्षों तक लगभग सभी प्रमुख धर्मों एवं संप्रदायों का अनुशीलन कर अंत में आध्यात्मिक चेतनता की उस अवस्था में पहुँच गए जहाँ से वह संसार में फैले हुए धार्मिक विश्वासों के सभी स्वरूपों को प्रेम एवं सहानुभूति की दृष्टि से देख सकते थे।

आध्यात्मिक विचार- इस प्रकार परमहंस जी का जीवन द्वैतवादी पूजा के स्तर से क्रमबद्ध आध्यात्मिक अनुभवों द्वारा निरपेक्षवाद की ऊँचाई तक निर्भीक एवं सफल उत्कर्ष के रूप में पहुँचा हुआ था। उन्होंने प्रयोग करके अपने जीवन काल में ही देखा कि उस परमोच्च सत्य तक पहुँचने के लिए आध्यात्मिक विचार- द्वैतवाद, संशोधित अद्वैतवाद एवं निरपेक्ष अद्वैतवाद, ये तीनों महान् श्रेणियाँ मार्ग की अवस्थाएँ थीं। वे एक दूसरे की विरोधी नहीं बल्कि यदि एक को दूसरे में जोड़ दिया जाए तो वे एक दूसरे की पूरक हो जाती थीं।

विवाह- बंगाल में बाल विवाह की प्रथा है। गदाधर का भी विवाह बाल्यकाल में हो गया था। उनकी बालिका पत्नी शारदामणि जब दक्षिणेश्वर आयीं तब गदाधर वीतराग परमंहस हो चुके थे। माँ शारदामणि का कहना है- ÷ठाकुर के दर्शन एक बार पा जाती हूँ, यही क्या मेरा कम सौभाग्य है?÷ परमहंस जी कहा करते थे- ÷जो माँ जगत् का पालन करती हैं, जो मन्दिर में पीठ पर प्रतिष्ठित हैं, वही तो यह हैं।÷ ये विचार उनके अपनी पत्नी माँ शारदामणि के प्रति थे।

अमृतोपदेश- एक दिन सन्ध्या को सहसा एक वृद्धा सन्न्यासिनी स्वयं दक्षिणेश्वर पधारीं। परमहंस रामकृष्ण को पुत्र की भाँति उनका स्नेह प्राप्त हुआ और उन्होंने परमहंस जी से अनेक तान्त्रिक साधनाएँ करायीं। उनके अतिरिक्त तोतापुरी नामक एक वेदान्ती महात्मा का भी परमहंस जी पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा। उनसे परमहंस जी ने अद्वैत-ज्ञान का सूत्र प्राप्त करके उसे अपनी साधना से अपरोक्ष किया। परमहंस जी का जीवन विभिन्न साधनाओं तथा सिद्धियों के चमत्कारों से पूर्ण है, किंतु चमत्कार महापुरुष की महत्ता नहीं बढ़ाते।

परमहंस जी की महत्ता उनके त्याग, वैराग्य, पराभक्ति और उस अमृतोपदेश में है, जिससे सहस्त्रों प्राणी कृतार्थ हुए, जिसके प्रभाव से ब्रह्मसमाज के अध्यक्ष केशवचन्द्र सेन जैसे विद्वान् भी प्रभावित थे। जिस प्रभाव एवं आध्यात्मिक शक्ति ने नरेन्द्र जैसे नास्तिक, तर्कशील युवक को परम आस्तिक, भारत के गौरव का प्रसारक स्वामी विवेकानन्द बना दिया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी का अधिकांश जीवन प्रायऱ समाधि की स्थिति में ही व्यतीत हुआ। जीवन के अन्तिम तीस वर्षों में उन्होंने काशी, वृन्दावन, प्रयाग आदि तीर्थों की यात्रा की। उनकी उपदेश-शैली बड़ी सरल और भावग्राही थी। वे एक छोटे दृष्टान्त में पूरी बात कह जाते थे। स्नेह, दया और सेवा के द्वारा ही उन्होंने लोक सुधार की सदा शिक्षा दी।

आध्यात्मिक प्रेरणा- समय जैसे-जैसे व्यतीत होता गया, उनके कठोर आध्यात्मिक अभ्यासों और सिद्धियों के समाचार तेज़ीसे फैलने लगे और दक्षिणेश्वर का मंदिर उद्यान शीघ्र ही भक्तों एवं भ्रमणशील सन्न्यासियों का प्रिय आश्रयस्थान हो गया। कुछ बड़े-बड़े विद्वान् एवं प्रसिद्ध वैष्णव और तांत्रिक साधक जैसे- पं. नारायण शास्त्री, पं. पद्मलोचन तारकालकार, वैष्णवचरण और गौरीकांत तारकभूषण आदि उनसे आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त करते रहे। वह शीघ्र ही तत्कालीनन सुविख्यात विचारकों के घनिष्ठ संपर्क में आए जो बंगाल में विचारों का नेतृत्व कर रहे थे। इनमें केशवचंद्र सेन, विजयकृष्ण गोस्वामी, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, बंकिमचंद्र चटर्जी, अश्विनी कुमार दत्त के नाम लिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त साधारण भक्तों का एक दूसरा वर्ग था जिसके सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति रामचंद्र दत्त, गिरीशचंद्र घोष, बलराम बोस, महेंद्रनाथ गुप्त (मास्टर महाशय) और दुर्गाचरण नाग थे।

उनकी जगन्माता की निष्कपट प्रार्थना के फलस्वरूप ऐसे सैकड़ों गृहस्थ भक्त, जो बड़े ही सरल थे, उनके चारों ओर समूहों में एकत्रित हो जाते थे और उनके उपदेशामृत से अपनी आध्यात्मिक पिपासा शांत करते थे।

आध्यामिक बंधुत्व- आचार्य के जीवन के अंतिम वर्षों में पवित्र आत्माओं का प्रतिभाशील मंडल, जिसके नेता नरेंद्रनाथ दत्त (बाद में स्वामी विवेकानंद) थे, रंगमंच पर अवतरित हुआ।

आचार्य ने चुने हुए कुछ लोगों को अपना घनिष्ठ साथी बनाया, त्याग एवं सेवा के उच्च आदर्शों के अनुसार उनके जीवन को मोड़ा और पृथ्वी पर अपने संदेश की पूर्ति के निमित्त उन्हें एक आध्यामिक बंधुत्व में बदला। महान् आचार्य के ये दिव्य संदेशवाहक कीर्तिस्तंभ को साहस के साथ पकड़े रहे और उन्होंने मानव जगत् की सेवा में पूर्ण रूप से अपने को न्योछावर कर दिया। इन्हें भी देखेंऱ रामकृष्ण परमहंस के प्रेरक प्रसंग

मृत्यु- आचार्य परमहंस जी अधिक दिनों तक पृथ्वी पर नहीं रह सके। परमहंस जी को 1885 के मध्य में उन्हें गले के कष्ट के चिह्न दिखलाई दिए। शीघ्र ही इसने गंभीर रूप धारण किया जिससे वे मुक्त न हो सके। 15 अगस्त, सन् 1886 को उन्होंने महाप्रस्थान किया। सेवाग्राम के संत के शब्दों में उनका जीवन धर्म को व्यवहार क्षेत्र में उतारकर मूर्तस्वरूप देने के प्रयास की एक अमरगाथा है।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील से भारत में बढ़ेगा रोजगार, चीन की मुश्किलों में होगा इजाफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह भारत के साथ 2030 तक व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाना चाहते हैं और दोनों देश इस साल एक मिनी ट्रेड डील भी कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के साथ मिनी ट्रेड डील होने पर भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, इलेक्ट्रॉनिक्स, जेम्स व ज्वैलरी, इंजीनियरिंग गुड्स, फार्मा जैसे रोजगारपरक सेक्टर को बड़ी ताकत मिल सकती है। इससे भारतीय वस्तु निर्यात को मदद मिलने के साथ देश में रोजगार में भी बढ़ोतरी होगी।

जानकारों का कहना है कि अमेरिका सर्विस सेक्टर पर आधारित अर्थव्यवस्था है और वहां के जीडीपी में सर्विस सेक्टर का हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक हो गई है और मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी कम होती जा रही है।

ऐसे में गारमेंट, फुटवियर, फार्मा, इंजीनियरिंग गुड्स, जेम्स व ज्वैलरी जैसे आइटम का निर्माण अमेरिका में बड़े पैमाने पर शुरू होने की कोई संभावना नहीं है। इस प्रकार के आइटम के लिए अमेरिका मुख्य रूप से आयात पर निर्भर करता है। इसलिए भारत अमेरिका के साथ मिनी ट्रेड डील में रोजगारपरक सेक्टर पर फोकस करेगा।

चीन की कैसे बढ़ेगी मुश्किल- ट्रंप के पिछले कार्यकाल में जब अमेरिका के साथ मिनी ट्रेड डील को लेकर वार्ता शुरू हुई थी, तब भी भारत का ध्यान इन सेक्टर पर ही था। इसकी एक प्रमुख वजह यह भी है कि लेदर, गारमेंट्स, जेम्स व ज्वैलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में अमेरिका में भारत के निर्यात को बढ़ाने की अभी असीम संभावना है। इन सभी सेक्टर में अमेरिका के बाजार में भारत के मुकाबले चीन 7-10 गुना तक अधिक निर्यात करता है। चीन अमेरिका को सालाना 450 अरब डॉलर का निर्यात करता है, जबकि भारत का सालाना कुल वस्तु निर्यात भी इससे कम है। वर्ष 2024 में अमेरिका में भारत का कुल वस्तु निर्यात 73.77 अरब डॉलर का रहा।

ट्रंप ने राष्ट्रपति का पद संभालते ही चीन की वस्तुओं पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत का शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। लेकिन भारत के साथ वह ट्रेड डील की बात कर रहा है।

## 65 पर जाएगा यह शेयर, एक्सपर्ट का अनुमान, बोले- खरीदो, अभी बेहद ही सस्ता है भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में आज करीबन 4त्न तक की गिरावट थी और यह शेयर 47.03 रुपये पर आ गए। ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी इस शेयर पर बुलिश हैं और इसे खरीदने की सिफारिश कर रहे हैं। बता दें कि यह कंपनी टेक्नोलॉजी-टेक्नोलॉजी इनेबल बिजनेस मैनेजमेंट (बीपीएम) सर्विस प्रोवाइडर है। वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस बीपीओ, केपीओ, आईटी सर्विसेज, टेक्नोलॉजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन और एनालिटिक्स में एक फुल-स्टैक प्लेयर है। कंपनी की स्थापना 2006 में हुई थी।

प्रमुख ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी ने 100 रुपये से नीचे कारोबार करने वाली कंपनी के शेयर खरीदने की सिफारिश की है। आनंद राठी ने कहा कि रिबाउंड के लिए 65 का टारगेट प्राइस रखते हुए 50 से 52 रुपये की रेंज में लंबी स्थिति की सलाह दी जाती है। जोखिम को मैनेज करने के लिए, 44 रुपये (समापन आधार) पर स्टॉप लॉस बनाए रखें। बता दें कि कंपनी ने 2022 में 5:1 के रेशियो में स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया था। वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस के शेयरों की 52-सप्ताह की सीमा 77.50 रुपये-44.65 रुपये है। एनएसई वेबसाइट के मुताबिक, कंपनी का मार्केट कैप 1234 करोड़ रुपये है।

## ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ से डरने की जरूरत नहीं, भारत पर होगा बेहद मामूली असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का एलान किया है, तभी से भारत पर इसके प्रभाव के बारे में लगातार चर्चा हो रही है। इसका असर भारती शेयर बाजार पर भी दिखा। इसमें पिछले कई कारोबारी सत्रों से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है।

हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की पारस्परिक टैरिफ नीति का भारतीय निर्यात पर काफी कम प्रभाव पड़ेगा। बेशक व्यापार प्रतिबंधों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।

भारतीय निर्यात पर कम असर क्यों पड़ेगा- SBI की रिपोर्ट का कहना है कि अगर अमेरिका 15-20 फीसदी की उच्च टैरिफ दरें लागू भी करता है, तो भी भारतीय निर्यात पर इसका कुल प्रभाव सिर्फ 3-3.5 फीसदी तक सीमित रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ का भारत के निर्यात पर अधिक असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका के 15-20 फीसदी वृद्धि टैरिफ का असर भी सिर्फ 3-3.5 फीसदी रहेगा। इसे बढ़े हुए निर्यात लक्ष्यों के जरिए आसानी से संतुलित किया जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस प्रभाव को निर्यात विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और नए व्यापार मार्गों की खोज के संतुलित कर सकता है।

भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है अमेरिका- अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट पार्टनर बना हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जितना निर्यात किया, उसमें अमेरिकी बाजार की हिस्सेदारी 17.7 फीसदी रही थी। हालांकि, भारत अब किसी एक बाजार पर निर्भरता कम करने की रणनीति बना रहा है। इससे टैरिफ या ट्रेड वॉर जैसी स्थिति में जोखिम को कम किया जा सकेगा।

## 5 बोनस शेयर बांट रही कंपनी, आ गई रिकॉर्ड डेट, 3100% उछल चुका है शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक छोटी कंपनी गुजरात टूलरूम लिमिटेड अपने निवेशकों को बोनस शेयर बांट रही है। कंपनी अपने शेयरहोल्डर्स को 5:1 के रेशियो में बोनस शेयर दे रही है। यानी, कंपनी हर 1 शेयर पर 5 बोनस शेयर देगी। गुजरात टूलरूम के शेयर मंगलवार 18 फरवरी 2025 को बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट पर ट्रेड करेंगे। गुजरात टूलरूम के शेयर सोमवार को 12.24 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 5 साल से कम में गुजरात टूलरूम के शेयरों में 3100 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

गुजरात टूलरूम के शेयर पिछले 5 साल में 3121 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 27 नवंबर 2020 को 38 पैसे पर थे। गुजरात टूलरूम के शेयर 17 फरवरी 2025 को 12.24 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 2125 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। कंपनी के शेयर 15 फरवरी 2021 को 55 पैसे पर थे। गुजरात टूलरूम के शेयर 17 फरवरी 2025 को 12.24 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 45.95 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 10.18 रुपये है।

# Ajax Engineering IPO की शेयर बाजार में फीकी एंट्री, 8 फीसदी डिस्काउंट के साथ हुई लिस्टिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। कंक्रीट इक्विपमेंट मैन्युफैक्चर Ajax Engineering Ltd के आईपीओ को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन, इसकी शेयर बाजार में एंट्री काफी कमजोर रही है। Ajax Engineering Ltd के शेयर 629 रुपये के इश्यू प्राइस की तुलना में 8 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ लिस्ट हुए।

Ajax Engineering Ltd का स्टॉक बीएसई पर 593 रुपये पर लिस्ट हुआ। यह इश्यू प्राइस से 5.72 फीसदी कम था। यह लिस्टिंग के कुछ समय बाद 565 रुपये तक




गिर गया। इसका मतलब कि आईपीओ निवेशकों का घाटा 10.17 फीसदी तक हो गया है। वहीं, एनएसई पर स्टॉक 576 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुआ, जो 8.42 फीसदी की गिरावट को दिखाता है। Ajax Engineering का वैल्यूएशन 6,613.29 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बाद में इसमें तेजी देखी और शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

Ajax Engineering Ltd का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग पूरी तरह सब्सक्राइब हुआ था। बोली लगाने के अंतिम दिन यह 6.45 गुना सब्सक्राइब हुआ, जिससे निवेशकों की दिलचस्पी का पता चलता है। ढ्ढक्क का प्राइस बैंड 599-629 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इस इश्यू का साइज 1,269 करोड़ रुपये था। मजबूत सब्सक्रिप्शन के बावजूद, लिस्टिंग के बाद शेयरों में गिरावट ने निवेशकों को निराश किया।

Ajax Engineering भारत में कंक्रीट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनियों में से एक है। यह कंक्रीट एप्लिकेशन वैल्यू चेन में कई तरह के मशीनरी, उपकरण, सेवाएं और समाधान उपलब्ध कराती है। कंपनी के पास कर्नाटक में चार असेंबली और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं। इसमें से हर यूनिट अलग-अलग उत्पाद लाइनों में विशेषज्ञता रखती है।

## झुनझुनवाला के निवेश वाली कंपनी का शेयर 2 दिन में 30% तक टूटा, 1600 करोड़ साफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। राकेश झुनझुनवाला की पहचान एक ऐसे निवेशक के तौर पर होती थी जो अच्छे शेयरों पर दांव लगाता था। लेकिन मौजूदा शेयर बाजार में गिरावट का असर उनके पोर्टफोलियो पर भी पड़ा है। महज एक कंपनी का शेयर 2 दिन में 30 प्रतिशत तक टूट गया। जिसकी वजह से उनका करीब 1600 करोड़ रुपये डूब गए। बता दें, इस समय उनका पोर्टफोलियो उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला मैनेज करती हैं। हम बात कर रहे हैं कॉन्कर्ड बायोटेक की। आज कंपनी के शेयर 12.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1482.15 रुपये के स्तर तक आ गया था। इससे पहले कंपनी के शेयर शुक्रवार को 19.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1693.20 रुपये के लेवल तक आ गया था। महज 2 दिन में कंपनी के शेयरों का भाव करीब 30 प्रतिशत टूटा है। वहीं, अपने 52 वीक हाई 2685 रुपये से कंपनी के शेयर 45 प्रतिशत गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# बेंगलुरू से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैवलर मिनी ट्रक से टकराई, एक की मौत, 13 घायल

कटनी। प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने और लौटने वाले वाहन रोजाना दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सोमवार की दोपहर को कर्नाटक के बेंगलुरू जा रही श्रद्धालुओं की ट्रेवलर वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग पर झिंझरी चौकी के पिपरौध के पास एक भूसा लदे मिनी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में ट्रेवलर में सवार एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 13 लोगों को चोट आई हैं। इनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के एनएच पर लंबा जाम लग गया और वाहनों को अलग कराते हुए यातायात को सामान्य किया गया।जानकारी के अनुसार बेंगलुरू से एक ही परिवार के लोग ट्रेवलर क्रमांक केए 04, एए 3187 में सवार होकर प्रयागराज कुंभ में शामिल होने जा रहे थे।



सोमवार को लगभग दो बजे उनका वाहन जैसे ही एनएच-30 में पिपरौध के पास पहुंचा गलत दिशा से आ रहे भूसा से लदे मिनी ट्रक क्रमांक- एमपी 21 जी 1018 से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई।

दुर्घटना में बस का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और टकराने के बाद वाहन पलट गया।ट्रेवलर में सवार यात्रियों को गंभीर चोट आई और चीख-पुकार मच गई।

आसपास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया।

घायलों को एनएएचआइ की एम्बुलेंस व एम्बुलेंस 108 के माध्यम से पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया।

जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने घायल महिला वाणी देवी को मृत घोषित कर दिया।

वहीं अन्य घायल श्रीकृष्णा, सतीश कुमार, भारती देवी, ज्योति देवी, वेणुगोपाल, सतीश कुमार, लक्ष्मी नारायण, सुवर्णा देवी, प्रशांत कुमार, केशव शर्मा, गीता आर्य सहित चालक अनिल व उसके सहायक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों में पांच लोगों की हालत गंभीर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया है। पुलिस ने वाहनों को एक-एक कर निकालना शुरू किया।

# सिंगरौली से प्रयागराज जा रही बोलेरो पलटी, चार की मौत और तीन घायल




सीधी। प्रयागराज कुंभ मेले में स्नान करने जा रहे सिंगरौली जिले का वाहन सीधी जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र के कैमोर पहाड़ में अनियंत्रित होकर पलट गया। दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं दो की सीधी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है। सभी मृतक सिंगरौली जिले के जंयत के रहने वाले हैं?।

थाना प्रभारी अमिलिया राजेश पांडे ने बताया कि बोलेरो वाहन 10 से 12 फीट नीचे गिरा था। जैसे ही सूचना मिली देर रात ही मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों का रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। गाड़ी में 8 लोग सवार थे। जिसमें चार लोगों की मौत हुई है। और बाकी सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।यह हैं घायल

नीरज कुमार वैश्य (23), जयंत प्रदीप साहू, कृष्णा साहू पिता छद्धारीलाल साहू, इनकी हुई मौत, प्रमोद यादव बोलेरो चालक, रमाकांत साहू (26), संदीप उर्फ सोनू साहू (25) पिता प्रहलाद साहू, सुजीत यादव पिता केशचंद यादव, तियरा।

# विधायक ने फिर शराब लेकर जा रहे वाहन को पकड़कर पुलिस को सौंपा

रतलाम। सैलाना विधानसभा क्षेत्र के गांवों में अवैध शराब की बिक्री पर आबकारी व पुलिस विभाग रोक नहीं लगा पा रहा है। ऐसे में सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार स्वयं अवैध शराब पकड़कर पुलिस को सौंपने काम कर रहे है।

पांच दिन पहले उन्होंने रावटी थाना क्षेत्र के भूतपाड़ा-खेड़ी रोड पर शराब व बीयर लेकर जा रहे वाहन तथा उसमें सवार दो लोगों को पक़ड़कर पुलिस को सौंपा था। वहीं अब सोमवार सुबह उन्होंने सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ीखुर्द में शराब व बीयर लेकर जा रहे एक वाहन को पकड़कर पुलिस को सौंपा है।विधायक कमलेश्वर डोडियार ने बताया कि गांवों में डायरियां बनाकर ठेकेदार शराब की सप्लाई कर रहे है। अवैध शराब की सप्लाई रोकने के लिए वे लगातार निगरानी कर रहे हैं। सरवन क्षेत्र में वे रविवार शाम से निगरानी कर रहे थे।

**खेतों में पीछा किया, लेकिन हाथ नहीं आए**-सोमवार सुबह सरवन स्थित ठेके की दुकान से वाहन बोलेरे (जीजे-09/बीए-5575) में शराब व बीयर की पेटियां भरकर ले जाई जा रही थी। उन्होंने अपने वाहन से उक्त वाहन की करीब तीन किलोमीटर तक पीछा किया, तभी ग्राम बड़ीखुर्द में वाहन चालक व उसका साथी एक स्थान पर वाहन खड़ा कर भाग निकले। दोनों का खेतों में काफी दूर तक पीछा किया लेकिन वे हाथ में नहीं आए।

इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी तथा साथियों के साथ शराब से भरे वाहन के सामने बैठ गए। पुलिस के आने तक वे वाहन के सामने बैठे रहे। वाहन में सात पेटी शराब व बीयर पाई गई। पुलिस ने वाहन, शराब व बीयर की पेटियां जब्त की। पुलिस के अनुसार आरोपितों की तलाश की जा रही है।



# भाजपा से मुकाबले के लिए अब मध्य प्रदेश के हर जिले में होगी कांग्रेस की चुनाव प्रबंधन इकाई

भोपाल । मध्य प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अभी करीब चार वर्ष का समय है लेकिन प्रदेश कांग्रेस ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, भाजपा के चुनाव प्रबंधन के आगे कांग्रेस की तैयारी फीकी पड़ जाती हैं और उसे इसका नुकसान उठाना पड़ता है।

इससे सबक लेते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह की अगुआई में राज्य स्तर पर चुनाव प्रबंधन इकाई गठित की है। उनसे कहा गया है कि अब वह प्रत्येक जिले में एक टीम तैयार करें, जो स्थानीय से लेकर लोकसभा चुनाव तक तैयारी की कमान संभाले।चुनाव प्रबंधन का काम प्रदेश, जिला, ब्लाक, विधानसभा, ग्राम और वार्ड स्तर पर होगा। प्रदेश कांग्रेस के स्तर से इसकी निगरानी होगी और तिमाही समीक्षा की व्यवस्था रहेगी।




दरअसल, कांग्रेस में चुनाव के छह माह पहले चुनाव प्रबंधन की दिशा में काम शुरू होता है। समितियां बनाई जाती हैं पर यह केवल औपचारिकता ही होती है। जबकि, भाजपा में यह काम निरंतर चलता रहता है।

मतदान केंद्र स्तर पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटवाने के अलावा उनका डाटा लेकर संगठन के एप पर अपलोड करने सहित अन्य गतिविधियां चलती रहती हैं। यही कारण है कि चुनाव के समय भाजपा में कोई हड़बड़ाहट नजर नहीं आती। कांग्रेस भी यही कार्य पद्धति विकसित करने जा रही है।

### *हर स्तर पर चुनाव प्रबंधन का काम होगा*

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि हर स्तर पर चुनाव प्रबंधन का काम होगा। प्रदेश, जिला और सह प्रभारी इस काम के लिए पालक होंगे। प्रदेश अध्यक्ष से लेकर वरिष्ठ नेता एक-एक विधानसभा क्षेत्र के पालक प्रभारी होंगे। पंचायत और वार्ड स्तरीय समिति मैदानी स्तर पर इस काम को देखेगी। हर जिले में इसके कार्यालय भी होंगे।मतदाता सूची पर अभी से होगा काम

प्रियव्रत सिंह का कहना है कि मतदाता सूची पर सर्वाधिक फोकस रहेगा। सूची की गड़बड़ी को लेकर चुनाव के समय लोग सक्रिय होते हैं, जबकि यह काम निरंतर होना चाहिए क्योंकि 70 प्रतिशत सूची चुनाव में यही रहती है। 30 प्रतिशत नाम जोड़े या हटाए जाते हैं। इसके साथ ही ग्राम और वार्ड स्तर पर बनने वाली समिति को इस काम में लगाया जाएगा।

# अभी तीन दिन तक मौसम में गर्माहट बने रहने के आसार, सिवनी में सबसे अधिक 34.2 डिग्री

भोपाल। वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। हवाओं का रुख भी बार-बार बदल रहा है। इस वजह से मौसम जहां शुष्क बना हुआ है, वहीं दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, मौसम का इस तरह का मिजाज अभी दो-तीन दिन तक बना रह सकता है। उसके बाद तापमान में कुछ गिरावट होने की संभावना है। उधर रविवार को प्रदेश में सबसे कम 10.6 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया।हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 9.9 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

दिन का सबसे अधिक 34.2 डिग्री सेल्सियस तापमान सिवनी में रिकार्ड हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू कश्मीर पर द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

इसके प्रभाव से हरियाणा एवं उसके आसपास एक प्रेरित चक्रवात बन गया है।मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि मौसम पूरी तरह से शुष्क बना हुआ है।

बीच-बीच में हवाओं का रुख उत्तरी भी हो जाता है।इस वजह से तापमान में मामूली गिरावट भी देखी जा रही है।

हालांकि अभी दो-तीन दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है।



# लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इंदौर में की निर्माण कार्यों की समीक्षा




इंदौर। लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज रेसीडेंसी कोठी में इंदौर संभाग की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में इंदौर राजस्व संभाग के आठ जिलों में 20 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री महेन्द्र हार्डिया, सुश्री उषा ठाकुर, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्री श्रवण चावड़ा, श्री सुमित मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री के. पी. एस. राणा (सड़क एवं पुल), प्रमुख अभियंता श्री एस आर बघेल (भवन), प्रमुख अभियंता श्री अनिल श्रीवास्तव (भवन विकास निगम) मुख्य अभियंता श्री सी. एस. खरत श्री आर. के. जैन (सड़क विकास निगम), श्री जी.पी. वर्मा. श्री व्ही. पी. बौरासी, श्री अविनाश शिवरिया (कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग) कार्यपालन यंत्री श्री एस. एन. सोनी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

इस समीक्षा बैठक में 37 निर्माण कार्यों के ठेकेदारों और संबंधित कार्यपालन यांत्रियों को भी आमंत्रित किया गया था।

इन 37 निर्माण कार्यों में लोक निर्माण विभाग सड़क एवं पुल के 14 कार्य, लोक निर्माण विभाग भवन के 14 कार्य, सड़क विकास निगम के 5 कार्य एवं भवन विकास निगम के 4 कार्य सम्मिलित थे।

बैठक में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मूसाखेड़ी चौराहे पर 6 लेन फ्लाय ओवर पुल के निर्माण कार्य, क्रिस्टल आई.टी. पार्क चौराहे पर 6 लेन फ्लायओवर पुल निर्माण का कार्य, सत्यसांई चौराहे पर 6 लेन फ्लायओवर पुल निर्माण, देवास नाका चौराहा पर 6 लेन फ्लाय ओवर पुल निर्माण, बाणगंगा स्थित नये ओवर ब्रिज का निर्माण, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में अतिरिक्त 169 पी.जी.सीट हेतु उन्नयन कार्य, मानसिक अस्पताल परिसर बाणगंगा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन का निर्माण, नवलखा चौराहे पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण, सांवेर रोड़ पर नये रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, खण्डवा जिले के मंधाता क्षेत्र में संत सिंगाजी मंदिर परिसर तक पहुंच मार्ग निर्माण, खण्डवा जिले के तीन पुलिया क्षेत्र में नवीन तीन भुजा वाले रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, ओंकारेश्वर के बंगाली आश्रम के पास नर्मदा नदी पर उच्च स्तरीय पुल के शेष भाग का निर्माण, इंदौर-उज्जैन 6 लेन मार्ग, सोण्डवा में सी. एम. राइज शासकीय मॉडल उच्चत्तर माध्यमिक वि?द्यालय, झाबुआ जिले के मेघनगर में शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, खरगोन जिले के धूलकोट में सी. एम. राइज योजनान्तर्गत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण, खण्डवा जिले के छैगांव माखन में सी.एम. राइज स्कूल निर्माण सहित 37 निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली और उसकी विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में मंत्री श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि लोक निर्माण का अर्थ लोक कल्याण है और समाज में इंजीनियर एक महत्वपूर्ण घटक है। छोटा या बड़ा कोई भी इंफ्रास्टेक्चर बगैर इंजीनियर की भूमिका के संभव नहीं है। इंजीनियर समाज की एक महत्वपूर्ण ईकाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में चारों तरफ निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिससे प्रदेश में प्रगति और विकास की बयार बह रही है। सभी अधिकारी अपने कार्य में गुणवत्ता लायें, कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। इंजीनियर साईट पर जाकर फिजिकल मॉनिटरिंग करें और ठेकेदार भी अपने कार्य के प्रति पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरतें। आगामी सिंहस्थ को देखते हुये सभी निर्माण कार्यों में प्रगति लायें।

श्री सिंह ने सभी को निर्देश दिये कि जो अधिकारी या ठेकेदार निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करेगा। उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी और जो समय पर अच्छा कार्य करेगा ऐसे अधिकारियों को पुरस्कृत और सम्मानित भी किया जायेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

विलंबित कार्यों पर सख्ती और टाइम एक्सटेंशन नीति पर पुनर्विचार - मंत्री श्री राकेश सिंह ने विलंब से चल रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई और समय सीमा निर्धारित करने तथा टाइम एक्सटेंशन नियमों को सख्त बनाने के निर्देश दिए। सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

# स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. एवं कल्याणी संस्था द्वारा श्री काशिनाथ त्रिवेदी स्मृति व्याख्यान आयोजित



इंदौर। मनुष्य के सर्वांगीण विकास में बाल शिक्षा और बाल स्वास्थ की महत्वपूर्ण भूमिका है। बाल अवस्था में मस्तिष्क का विकास तेजी से होता है। इस उम्र में बालक अधिक से अधिक ग्रहण करता है।अत- समाज को बाल शिक्षण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

ये विचार भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व प्रमुख, देश के ख्यात वैज्ञानिक पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोड़कर के हैं। उन्होंने %निमाड़ के गाँधी- श्री काशिनाथ त्रिवेदी स्मृति व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर कहे। कार्यक्रम का आयोजन स्टेट प्रेस क्लब म.प्र.और संस्था कल्याणी ने अभिनव कला समाज में किया।

सक्षम भारत में बाल शिक्षा विषय पर डॉ. काकोड़कर ने बाल शिक्षा, बाल मनोविज्ञान, टेक्नोलॉजी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बालशिक्षा एक महत्वपूर्ण घटक है इसलिए अभिभावक बच्चों के मनोभावों को समझें। उनकी जिज्ञासा को शांत करें। उनमें नवाचार की भावना पैदा करें हालांकि यह कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं को अधिक शिक्षित प्रशिक्षित करने की जरूरत है। प्रायमरी शिक्षा और घर की शिक्षा में अधिक अंतर होगा तो बालक का विकास सही दिशा में नहीं होगा।

डॉ. काकोड़कर ने कहा कि बालकों को सक्षम बनाने में तकनीक की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसका अनुभव हमें कोरोना काल में मिला। तकनीक का अगर गलत इस्तेमाल किया जाएगा तो बाल विकास अवरुद्ध हो जाएगा। बाल शिक्षा में मानवीय मूल्यों का समावेश होना अत्यावश्यक है। संस्कारों का रोपण यदि नहीं होगा तब तक हम सक्षम बाल शिक्षा से भारत को विकसित नहीं बना सकते हैं।

डॉ. काकोड़कर ने कहा कि बच्चों को गांवों से जोड़ें, वहां के परिवेश से परिचित कराएं। जब हम वर्कफ्रॉम होम कर सकते है तो वर्कफ्रॉम विलेज क्यों नहीं कर सकते।

प्रारंभ में स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने डॉ. काकोड़कर का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन कीर्ति त्रिवेदी ने किया। आभार संग भाषण सार पंकज क्षीरसागर ने दिया।इस अवसर पर डॉ. करुणाकर त्रिवेदी ने डॉ. काकोड़कर को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

## मंत्री के निर्देश पर SDO को किया निलंबित

इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट के निर्देश पर सिवनी में किसान से अभद्रता करने वाले जल संसाधन विभाग के स्ह्ह को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य अभियंता भोपाल द्वारा एस. डी. ओ. श्री राम बघेल को निलंबित करते हुए नर्मदापुरम में अटैच कर दिया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

### भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधी समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में दिया महत्वपूर्ण योगदान - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण अर्थात ज्ञान पर ध्यान के परिणाम स्वरूप सभी समाज, समर्थ और सक्षम हो रहे हैं और भारतीय संस्कृति एवं सनातन की ध्वजा सर्वत्र लहरा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर ही देश में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। लोधा समाज द्वारा प्रदेश की राजधानी में बनाया जा रहा सामाजिक भवन, मांगलिक कार्यक्रमों की आयोजन स्थली बनने के साथ ही समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण आदि प्राप्त करने के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा कहा कि राज्य सरकार सामाजिक गतिविधियों के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को लोधा समाज के सामाजिक भवन के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की जमीन संबंधी सभी कार्य घर बैठे हों, इस उद्देश्य से प्रदेश में साइबर तहसील की व्यवस्था आरंभ की गई है। किसानों को बड़े बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने के लिए सोलर पंप सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के सभी अंचलों में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना के साथ ही चंबल-कालीसिंध-पार्वती नदियों को जोड़ने का काम शुरू हो गया है। किसानों के लाभ के लिए ही गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से दूध पर बोनस देने की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री समिट का क्रम आरंभ किया गया। अब 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होने जा रही है। प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस वैश्विक आयोजन का शुभारंभ करेंगे। देश ही नहीं विदेश के औद्योगिक समूह भी प्रदेश में उपलब्ध पर्याप्त भूमि-जल-ऊर्जा की उपलब्धता के कारण मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को राज्य सभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया और विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और समाज के आराध्य लोधेश्वर भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक भवन के भूमि-पूजन अवसर पर प्रकाशित स्मारिका और किसान की गाथा वार्षिक डायरी का विमोचन किया। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया गया।

## आबकारी नीति के संबंध में उच्च न्यायालय में दायर कराई जाएगी केवियट

इंदौर। राज्य शासन की आबकारी नीति वर्ष 2025-2026 के विरुद्ध उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त किये जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए उच्च न्यायालय में केवियट दायर करायी जा रही है। उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता इंदौर श्री मुकेश नेमा ने बताया कि मध्यप्रदेश राजपत्र में 14 फरवरी 2025 के माध्यम से एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक हेतु राज्य की मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों, एकल समूहों के निष्पादन एवं अन्य के संबंध में घोषित आबकारी व्यवस्था प्रसारित की गयी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर दुःख व्यक्त किया

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अचानक भीड़ बढ़ने से हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में लोगों के हताहत होने पर दुःख व्यक्त किया है।

# जीआईएस में ओडीओपी एक्स-पो से लोकल उत्पादों को मिलेगा ग्लोबल मंच - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक जिला-एक उत्पाद÷ हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक्स-पो माध्यम से हम अपने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच देने जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के उद्योगों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। यह एक्स-पो न केवल हमारे कारीगरों के कौशल को प्रदर्शित करेगा, बल्कि उन्हें नए व्यावसायिक अवसर भी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में आयोजित होने वाली 2 दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक जिला-एक उत्पाद एक्स-पो प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय शिल्प, कृषि और खाद्य उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

एक्स-पो में प्रदेश के 38 ओडीओपी उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया है। लाइव काउंटर में बाघ प्रिंट, जरी जरदोजी, बाटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को कारीगरों द्वारा लाइव प्रस्तुत किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रतिनिधि और अतिथि कारीगरों के मार्गदर्शन में खुद भी इन उत्पादों को बनाने का अनुभव ले सकेंगे।

'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन'- मानव संग्रहालय में मिट्टी के बर्तन और धातु कला के लाइव काउंटर भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

खाद्य और कृषि उत्पादों की झलक- एक्स-पो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 32 ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल पर उनकी निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

यहाँ प्रतिनिधि इन उत्पादों को न केवल देख और समझ सकेंगे, बल्कि उन्हें खरीद भी पाएंगे। साथ ही 16 लाइव काउंटरों पर मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला और शिल्प का प्रदर्शन होगा, जहाँ अतिथि स्वयं इस प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे।

कारीगरों के भविष्य को नई दिशा एक्स-पो कारीगरों को नए व्यावसायिक अवसर प्रदान करेगा। प्रत्येक काउंटर पर आने वाले आगंतुकों का डेटा एकत्र किया जाएगा, जिससे भविष्य में बी-टू-बी और बी-टू-सी नेटवर्किंग के माध्यम से कारीगरों को बाज़ार से जोड़ा जा सके। इस डेटा प्रबंधन की जिम्मेदारी भोपाल के प्रतिष्ठित कॉलेजों के छात्रों को दी गई है, जिससे उन्हें भी व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली

उज्जैन । कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन और 50 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग व खाद्य विभाग के अंतर्गत अधिक शिकायतें लंबित पाई जाने पर कलेक्टर ने अगले तीन दिनों में इनका निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि इसे आगामी 15 मार्च तक शत प्रतिशत पूरा करना है। वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्रेशन 61.33 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने इसे निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त राजस्व अधिकारी शाम के समय गांव में जाकर फार्मर रजिस्ट्री करवाएं । फसल गिरदावरी की



प्रगति की समीक्षा के दौरान समस्त तहसीलदार को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व की तैयारीयों की समीक्षा की गई। उनके द्वारा नगर पालिका निगम को पार्किंग स्थल से लेकर मंदिर मार्ग और आसपास के स्थलों की साफ सफाई करवाई जाने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को निर्देश दिए गए कि कर्क राज पार्किंग से लेकर मंदिर मार्ग और आसपास के घाटों पर मधुमक्खी के छत्तों को चिन्हांकित किया जाकर हटाया जाए। मंदिर परिसर में आकस्मिक उपचार केन्द्र व दवाइयों की संपूर्ण व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग को करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया।

कलेक्टर ने एमपीईबी को निर्देश दिए कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में अभिषेक स्थल पर विद्युत संबंधी समस्या ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। जहां से लोगों का मूवमेंट होगा वहां बैकअप जनरेटर की व्यवस्था करवाई जाए। शक्ति पथ को पेंट करवाया जाए, पीडब्ल्यूडी के द्वारा बैरिकेडिंग समय पर करवाई जाए। नीलकंठ द्वार पर दिव्यांग जनों की एंट्री की व्यवस्था की जाए। काल भैरव मंदिर पर भी अतिरिक्त अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किसी भी विभाग का कोई भी प्रोटोकॉल अधिकारी महाकालेश्वर मंदिर में अपने स्तर से उपस्थित नहीं रहेगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आगामी शनिचरी अमावस्या पर्व पर प्रत्येक विभाग आगामी सिंहस्थ 2028 महापर्व के अंतर्गत अपने विभाग की योजना का मिनी इंप्लीमेंटेशन करेगा। कलेक्टर द्वारा कान्ह डायवर्सन परियोजना की प्रगति, घाट निर्माण, साथ ही अन्य घाटों के रिनोवेशन कार्य, व सेवरखेड़ी- सिलारखेड़ी परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा विक्रमादित्य और विक्रम व्यापार

# शैल पब्लिक स्कूल इंगोरिया चौपाटी पर समाज की बालिकाएं पुरस्कृत

## पढ़ाई पुस्तक आधारित ही नहीं, वरन गुणात्मक भी हो- डॉ हीरालाल त्रिवेदी




उज्जैन। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं बौद्धिक विकास भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर होना चाहिए जिससे विद्यार्थियों में हमारी परंपरागत ज्ञान प्रणाली एवं संस्कृति को समझने की प्रवृत्ति जागृत हो। पढ़ाई पुस्तक आधारित ही नहीं वरन गुणात्मक भी होना चाहिए।

यह विचार शैल पब्लिक स्कूल के 11 वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर पूर्व आईएएस अधिकारी एवं राज्य सूचना आयुक्त डॉ हीरालाल त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। डॉ त्रिवेदी ने कहा कि राष्टीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य भी विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है। शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव के द्वारा विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का ज्ञान भी दें ताकि विद्यार्थियों के ज्ञान एवं व्यक्तित्व में तकनीकी ज्ञान के साथ ही भारतीय संस्कृति का भी समावेश रहे।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में वार्षिकोत्सव जैसी गतिविधि होना आवश्यक है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिवजी राम त्रिवेदी शिक्षण प्रशिक्षण समिति की वरिष्ठ सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सरोज त्रिवेदी उज्जैन, डॉ अक्षय आचार्य पूर्व प्राचार्य वर्तमान में प्राचार्य श्री उमा कन्या महाविद्यालय हाटपीपलिया देवास एवं श्री कमल पंड्या पासलोद भी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्कूल प्रबंधक शैलेश त्रिवेदी एवं प्राचार्य नीलिमा वकील द्वारा किया गया।

## भाजपा संस्कृति प्रकोष्ठ के नगर जिला सहसंयोजक मगेंश श्रीवास्तव ने 10000 रुपए समर्पण निधि एवं रसीद कट्टा जमा कराया



उज्जैन। उज्जैन शहर में नहीं मध्य प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी का समर्पण निधि का सहयोग निधि का घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नजन समर्पण निधि का सहयोग सभी से ले रहे हैं।

इसी तरह भारतीय जनता पार्टी संस्कृति प्रकोष्ठ के नगर जिला सहसंयोजक मंगेश श्रीवास्तव ने भारतीय जनता पार्टी विक्रमादित्य मंडल के अध्यक्ष विक्रम ठाकुर को 10000 रुपए समर्पण निधि एवं रसीद कट्टा जमा कराया।

# छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक किट वितरित



उज्जैन। कृष्ण भार्गव वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कार्तिक चौक उज्जैन के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक सामग्री (किट) का वितरण किया गया। संयोजक शिवम भार्गव ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा यह कार्य निरंतर 14 वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष भी 69 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक राकेश भार्गव ने कहा कि शैक्षणिक सामग्री अपने शैक्षिक कौशल को विकसित करने में सहायक होती है और पूर्वजों की स्मृति में किया गया। दान उनको याद रखने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि सरस्वती चौहान ने बच्चों को परीक्षा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सविता शर्मा ने किया। आभार वासुदेव मंडलोई ने माना। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, निर्मला सिंह राठौड़, ज्योत्सना करडे आदि उपस्थित थे। यह जानकारी शिवम भार्गव ने दी।

# संस्कार भारती एवं विक्रम विश्वविद्यालय का संयुक्त आयोजन आचार्य भरतमुनि महोत्सव सम्पन्न हुआ

उज्जैन। संस्कार भारती जिला उज्जैन तथा ललित कला अध्ययनशाला विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा महर्षि भरतमुनि महोत्सव का संयुक्त आयोजन शलाका दिर्घा विक्रम वि.वि. मे किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुवे संस्कार भारती के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया की उक्त प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन मे, अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में संस्कार भारती के अखिल भारतीय सह-कोषाध्यक्ष श्री श्रीपाद जोशी, विशेष अतिथि के रूप में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के वरिष्ठ कार्यपरिषद सदस्य श्री राजेश कुशवाह, कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, वरिष्ठ रंगकर्मी श्री सतीश दवे, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के




कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, ललित कला अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ, अतिथियों द्वारा मां शारदा व महर्षि भरतमुनि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

अतिथियों ने भरतमुनि नाट्यशास्त्र का पूजन किया। संस्कार भारती की परंपरा अनुसार खुशी लोधी, सूरज और सत्यम चकरावदिया द्वारा ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रांतीय अधिकारी श्री संजय शर्मा, श्री योगेंद्र पिपलोनिया,श्री सुन्दर लाल मालवीय, श्री माधव तिवारी, श्री दुर्गाशंकर सूर्यवंशी, श्री पंकज आचार्य, श्री रामचंद्र गांगोलिया ने किया। कार्यक्रम में शाब्दिक स्वागत एवं भरत मुनि गीत की प्रस्तुति संस्कार भारती जिला उज्जैन के अध्यक्ष श्री सुंदरलाल मालवीय द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन द्वारा हाल ही में शिखर सम्मान से सम्मानित डॉ.गोविंद गंधे एवं श्री सतीश दवे को उज्जैन नगर के कलासाधकों की ओर से शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलाशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने विषय का प्रवर्तन करते हुए भरतमुनि द्वारा नाट्य जगत को दिए गए वैश्विक योगदान पर प्रकाश डाला। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के वरिष्ठ कार्यपरिषद सदस्य श्री राजेश कुशवाह ने उज्जैन नाट्य जगत के कलासाधकों को राष्ट्र उत्थान के महायज्ञ में अपने सहभागिता सुनिश्चित करने का आवाहन किया। कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे ने आचार्य भरतमुनि द्वारा रचित नाट्य शास्त्र के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी श्री सतीश दवे ने भरतमुनि नाट्य शास्त्र की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर उद्बोधन दिया।

# सीबीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षक समागम कार्यक्रम



उज्जैन। सीबीएसई द्वारा प्रशिक्षकों का समृद्ध प्रशिक्षण (टीओटी)। स्टैनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल ने निदेशकों डॉ. कात्यायन मिश्रा और डॉ. जया मिश्रा के सहयोग से प्रशिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। राष्टीय स्तर के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षकों को संसाधन व्यक्ति बनने के लिए केंद्रीय बोर्ड द्वारा टीओटी की पेशकश की जाती है। प्रमाणन पाठ्यक्रम में डायरेक्ट ट्रेनर्स स्किल्स (डीटीएस), डिजाइन ऑफ ट्रेनिंग (डीओटी) के घटक शामिल हैं। इसे सीबीएसई संसाधन व्यक्तियों के कौशल को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रशिक्षण एनईपी 2020 के अनुरूप है। प्रशिक्षित संसाधन व्यक्तियों पुनीत कुमार शर्मा, लखेंद्र सिंह शर्मा, अनुराग गुप्ता और सुमन सिंह चौहान ने अपने इनपुट दिए हैं और दो दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 80 प्रशिक्षकों को शामिल किया है। यह एक सार्थक प्रयास था जिसने शिक्षकों को नई अंतर्दृष्टि प्रदान की है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com